रोजगार मेला/प्लेसमेन्ट कैम्प

निजी क्षेत्रों मे रोजगार के उपलब्ध अवसरों का लाभ स्थानीय युवाओं को प्रदान करने के अनुरूप माननीय मुख्यमंत्री की मंशा को कार्यरूप में परिणित करने हेतु प्रदेश के जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्रों द्वारा निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में उपलब्ध रिक्तियों को स्थानीय युवाओं हेतु उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश के जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्रों द्वारा प्रतिमाह विभिन्न जिलों में रोजगार मेला एवं प्लेसमेन्ट कैम्प आयोजित कर स्थानीय नियोजकों के यहाँ उपलब्ध रोजगार के अवसरों का लाभ स्थानीय रोजगार इच्छुकों को दिया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में रोजगार मेला एवं प्लेसमेन्ट कैम्प के आयोजन हेतु रूपये 1.00 करोड़ का बजट प्रावधानित किया गया है।

विगत 5 वर्षों में लाभान्वितों की संख्या निम्नानुसार है-

क्र.	वर्ष	रोजगार मेला/प्लेसमेन्ट कैम्प की संख्या	चयनित आवेदकों की संख्या
1.	2019	391	6055
2.	2020	187	2952
3.	2021	282	3275
4.	2022	380	7035
5.	2023	161	5520